विराट वैभव
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 फरवरी 2020

# 24 से शुरू होगा साहित्य अकादमी का वार्षिक साहित्योत्सव

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला साहित्योत्सव इस वर्ष 24 फरवरी से 29 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। साहित्योत्सव में देश के कोने-कोने से विभिन्न भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 250 लेखक और विद्वान विविध कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे। उत्सव का आरंभ अकादेमी की वर्षभर की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली अकादेमी प्रदर्शनी से होगा, जिसका उद्घाटन प्रख्यात लेखिका मन्नू भंडारी, 24 फरवरी को पूर्वाह्न 10.30 बजे रवींद्र भवन परिसर, नई दिल्ली में करेंगी।

इसी दिन तीन दिवसीय अखिल भारतीय आदिवासी लेखक सम्मिलन भी अपराह्न 2.30 बजे प्रारंभ होगा, जिसका उद्घाटन वक्तव्य प्रतिष्ठित भाषा विज्ञानी अन्विता अब्बी देंगी। इस आदिवासी कवि सम्मिलन में 38 आदिवासी समुदायों के लेखक-कवि भाग ले रहे हैं जिनमें से 15 आदिवासी समुदाय पहली बार अकादेमी के साहित्योत्सव में शामिल हुए हैं। समारोह का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2019 अर्पण समारोह कमानी सभागार, नई दिल्ली में 25 फरवरी को सायं 5.30 बजे होगा और उसके मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित कवि, कथाकार एवं फिल्म निर्देशक गुलजार होंगे। 24 भारतीय भाषाओं के पुरस्कृत लेखक 25 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे अपने रचनात्मक अनुभव साझा करेंगे। 27 फरवरी को बाङ्ला, गुजराती, हिंदी, मलयाम एवं उर्दू भाषा के लिए पुरस्कृत लेखक 'आमने-सामने' कार्यक्रम में प्रतिष्ठित साहित्यकारों, विद्वानों से बातचीत करेंगे। साहित्योत्सव में प्रतिष्ठित संवत्सर व्याख्यान देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा 'अर्थशास्त्र की चिरस्थायी विरासत' विषय पर 26 फरवरी को सायं 6 बजे दिया जाएगा।

# 24-29 तक साहित्य अकादमी में होगा 'साहित्योत्सव' का आयोजन

## पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी देंगे संवत्सर व्याख्यान

नई दिल्ली, 20 फरवरी (नवोदय टाइम्स): साहित्य अकादमी का वार्षिक 'साहित्योत्सव' 24 से शुरू होकर 29 फरवरी तक चलेगा। जिसमें देश के कोने-कोने से भारतीय भाषाओं को प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 250 लेखक और विद्वान विविध कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे। अकादमी ने बुधवार को कहा कि 'साहित्योत्सव' की शुरुआत रबींद्र भवन परिसर में वर्षभर की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली अकादमी प्रदर्शनी से होगा, जिसका उद्घाटन जानी-मानी हिन्दी लेखिका मन्नू भंडारी करेंगी। इसी दिन तीन दिवसीय अखिल भारतीय आदिवासी लेखक सम्मेलन की शुरुआत की जाएगी। जिसमें आदिवासी कवि सम्मेलन में 38 आदिवासी कवि-लेखक भाग लेंगे। समारोह का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादमी पुरस्कार 2019 अर्पण समारोह कमानी सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि कवि, कथाकार व फिल्म निर्देशक गुलजार होंगे। इससे पहले 24 भारतीय भाषाओं में पुरस्कृत लेखक अपने रचनात्मक अनुभव साझा करेंगे। 27 फरवरी को बाङ्ला, गुजराती, हिंदी, मलयालम एवं उर्दू भाषा के लिए पुरस्कृत लेखक आमने-सामने कार्यक्रम में साहित्यकारों से बातचीत करेंगे। अकादमी के संवत्सर व्याख्यान में 'अर्थशास्त्र की चिरस्थायी विरासत' विषय पर 26 फरवरी शाम 6 बजे पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी बात करेंगे।

नवोदय टाइम्स
Fri, 21 February 2020
epaper.navodayatimes.in/c/4922949